आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

कटनी ● शुक्रवार, 4 फरवरी, 2022



## जबलपुर का स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और सफल कदम

# किडनी ट्रांसप्लांट

सुविधा अब

## बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में

लेप्रोस्कोपिक विधि से किडनी ट्रांसप्लांट

आधुनिक मशीनों से डायलिसिस की सुविधा



**डॉ. विशाल बढेरा**
किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन

**डॉ. राजेश पटेल**
किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन

एम. डी, डी. एन. बी
वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ
किडनी के रोगों का संपूर्ण समाधान
24 घंटे डायलिसिस की सुविधा
महाकौशल की सर्वप्रथम विश्वस्तरीय डायलिसिस (5008 Hemodialysis) मशीन से उपचार
CAPD (पेरिटोनियल डायलिसिस) और CRRT की सुविधा उपलब्ध
किडनी (रीनल) फेलियर ट्रीटमेंट

किडनी (गुर्दा) रोगों को नज़र अंदाज़ न करें विशेषज्ञ की सलाह लें

एम. एस, डी. एन. बी
वरिष्ठ गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
दूरबीन एवं लेजर पद्धति द्वारा पथरी का ईलाज
लेप्रोस्कोपी द्वारा गुर्दे एवं मूत्राशय की बीमारियों का ईलाज़
महिलाओं के विभिन्न मूत्र रोगों का ईलाज़
मूत्र तंत्र से संबंधित कैंसर का ईलाज़
प्रोस्टेट ग्रंथि की बीमारियों का ईलाज़
बच्चों की जन्मजात बीमारियों का ईलाज़

BADERIA METROPRIME
Multi Speciality Hospital

MEDICLAIM, E.S.I, C.G.H.S, C.S.M.A, AYUSHMAN BHARAT, POLICE
केंद्र एवं राज्य सरकार के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों हेतु शासन द्वारा अधिकृत अस्पताल

9575300267 Damoh Naka, Jabalpur (MP) | www.metroprimehospital.com

# मास्क सेनेटाइजर के साथ परीक्षा



**कटनी।** बोर्ड परीक्षा से संसय समाप्त हो गया। परीक्षाथी केन्द्रो में ही परीक्षा देंगे। लेकिन इस दौरान उन्हें कोविड गाइड लाइन का पालन करना होगा। कटनी में भी इस दिशा में निर्देश जारी किये जा चुके हैं जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं। छात्रों को मास्क लगाना तो अनिवार्य किया ही गया है साथ ही सेनेटाइजर भी लाने के लिए कहा गया है। इधर परीक्षा केन्द्रों में सोशन डिस्टेंसिंग के पालन के हिसाब से बैठक व्यवस्था की जाएगी। आपको बता दें कि सरकार ने पहले ही साफ किया था कि बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होंगी। 10वीं के एग्जाम 18 फरवरी से 10 मार्च तक और 12वीं के 17 फरवरी से 12 मार्च तक होंगे। पेपर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। छात्रों को सलाह है कि कम समय बचा है। अच्छी तैयारी और मन से परीक्षा दें। कोरोना को देखते हुए पहली बार पेपर फरवरी में शुरू हो रहे हैं। एमपी बोर्ड टाइम टेबल मंडल की

### सुबह 8.30 बजे उपस्थित होना जरूरी

परीक्षा के लिए परीक्षार्थी को सुबह 8.30 बजे उपस्थित होना जरूरी है। छात्रों को सुबह 8.45 बजे तक ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। उसके बाद आने वाले छात्रों को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

### हाई स्कूल (10वीं)

परीक्षा शुरू होगी-1 फरवरी 2022
अंतिम पेपर-10 मार्च 2022
समय-सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक

### हायर सेकंडरी स्कूल (12वीं)

परीक्षा शुरू होगी-11 फरवरी 2022
अंतिम पेपर-12 मार्च 2022
समय -सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक

### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,10वीं, 12वीं टर्म 1 परिणाम 2022 जल्द

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,10 वीं, 12वीं टर्म 1 परिणाम 2022 जल्द ही जारी होने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार, टर्म 1 का रिजल्ट 2022 के तीसरे सप्ताह या इस महीने के अंत तक आने की उम्मीद है। घोषणा से पहले छात्रों को अनुपस्थित छात्रों के लिए नीति और इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं के लिए मॉडरेशन नीति पर एक नई अपडेट जल्द जारी की जा सकती है।

## अनियंत्रित कार से आरटीओ में अफरातफरी, कई वाहनों में मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला



**कटनी।** जब एक कार चालक परिसर में अनियंत्रित होकर कार चलाने लगा। इस दौरान उसने वहां रखी 6 बाइक को टक्कर मार दी। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति इस घटना में पैर फ्रेक्चर हो गया। गुरुवार देर शाम आरटीओ कार्यालय में हादसा हो गया। यहां एक अनियंत्रित कार ने 6 गाड़ियों तोड़ी एक का पैर फ्रेक्चर हो गया। हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। कुठला थाना के एएसआई संतोष सिंह ने बताया कि कार चालक राजा भैया गड़ारी निवासी सलैया थाना बरही आरटीओ कार्यालय छोटी कार से दस्तावेज लेने गया था। इस दौरान उसका पैर ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर रख गया। इससे कारण हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि वह राजा भैया बड़े ट्रकों का चालक है। इस घटना के बाद आरटीओ परिसर में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। इस घटना में एक युवक कैमोर निवासी आटो चालक सुमित रजक का तो पैर ही फैक्चर हो गया। जिस कार को व्यक्ति ड्राइव कर रहा था उस कार का नंबर एमपी 20 सी ई 0661है। हादसा करने वाली कार आरटीओ में ताज खान पिता पप्पू खान के नाम रजिस्टर्ड है। इस घटना से थोड़ी देर के लिए आरटीओ में अफरातफरी रही। लोग अपनी गाड़ियों को छोड़ इधर-उधर छुपकर बचने के प्रयास में लगे रहे।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की कैद

### पास्को एक्ट के तहत स्पेशल कोर्ट ने सुनाई सज़ा



**कटनी।** एक नाबालिग बच्ची को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को अपराध सिद्ध हो जाने पर न्यायालय ने 10 साल के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी पास्को एक्ट की धारा 3ध्4 के अलावा धारा 363,366,323 एवं 341 के तहत भी दोषी साबित हुआ है। अलग अलग मामलों में उसे अलग अलग सज़ा सुनाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुठला थाने में जुलाई 2019 में आरोपी रंजीत पटेल उर्फ चूहा पर एक नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कृत्य किया था। नाबालिग अपने घर में अपनी बहन के साथ थी। माता-पिता मज़दूरी करने गए थे तभी आरोपी वहां पहुंचा। उसने नाबालिग को डरा धमकाकर उसे अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया जहां बंधक बनाकर उसके साथ ज्यादती की। आरोपी युवक पर अपराध दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नविता पिल्लई ने पैरवी की तथा अपने पक्ष में तथ्य और साक्ष्यों को न्ययालय के सामने प्रस्तुत किया। गवाहों के भी बयान हुए। सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक ने इसे गंभीर अपराध करार देते हुए आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आरोपी की युवावस्था और पुराना आपराधिक रिकार्ड नहीं होने का हवाला देकर सज़ा में रियायत की मांग की। बचाव पक्ष की इस मांग को खारिज करते हुए स्पेशल कोर्ट ने अभियुक्त को दोष सिद्ध हो जाने पर पास्को एक्ट के तहत 10 साल और 363,366 के तहत 3- 3 साल की सजा से दंडित किया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद व्हीडी शर्मा कल आएंगे

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा कटनी खजुराहो लोक सभा क्षेत्र के



सांसद विष्णुदत्त शर्मा का कल 5 फरवरी को कटनी प्रवास होगा। मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर एक बजे श्री शर्मा कटनी पहुंचेगे यहां से वे भाजपा कार्यालय में बूथ विस्तारक योजना की समीक्षा करेंगे इसके अलावा सांसद श्री शर्मा का कटनी में कार्यालय का उद्घाटन भी किया जाएगा। कार्यालय को सांसद सहायता केन्द्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। दोपहर 3 बजे सांसद श्री शर्मा पत्रकारों से रूबरू होंगे। जिसमें वह केन्द्र सरकार द्वारा पेश किये गए बजट को लेकर चर्चा करेंगे। साथ ही बजट में कटनी को लेकर रेलवे से संबंधित आवंटन की भी जानकारी देंगे। आपको बता दें कि इस बार रेल बजट में कटनी के लिए रेलवे ने बड़ा आवंटन करीब 12 सौ करोड़ का किया है। इस आवंटन में कटनी सेक्शन पर कई कार्य किये जाएंगे। इसमें रेल ट्रेक से संबंधित कार्य तथा कटनी मुड़वारा और मुख्य स्टेशन में भी विकास से जुड़े कार्य शामिल हैं।

### आज भी रद्द हुई नौतनवा सहित कई यात्री ट्रेनें

## कटनी-रायपुर रेल मार्ग पर सारनाथ का सहारा, रोज रद्द हो रहीं ट्रेनें




**कटनी।** कटनी रायपुर रेल सेक सन पर इ न दिनों यात्री काफी परेशानन हैं। इस रेल मार्ग पर रोजना अचानक ट्रेने केंसिल हो रही हैं। दुर्ग स्टेशन से एक दिन दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस चलती है तो दूसरी दिन वही ट्रेन नौतनवा एक्सप्रेस बनकर चलाई जाती है।तीसरी लाइन के लिए इन दोनों ट्रेनें जिन तारीखों में रद्द की गई हैं तो दुर्ग-सारनाथ एक्सप्रेस चलाई जा रही है।सारनाथ चार, छह, आठ और नौ फरवरी को चलेगी।इससे काफी हद तक प्रयाग राज और बिहार जाने-आने वाले यात्रियों को राहत मिली है।

### कंफर्म टिकट मुश्किल

दुर्ग-सारनाथ एक्सप्रेस का परिचालन कोहरे के कारण हर सप्ताह तीन दिनों तक 28 फरवरी तक रद है,परंतु बीच-बीच में चलने से यात्रियों को मामूली राहत है, जिनका टिकट इस ट्रेन में पहले से कंफर्म है, वरना सारनाथ ऐसी ट्रेन है, जिसमें महीना-पंद्रह दिन पहले तक कंफर्म टिकट नहीं मिलता है। दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस अब छह और आठ फरवरी को रद रहेगी। इसकी जगह चलने वाली दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस चार फरवरी को रद रहेगी। इसके बदले सारनाथ एक्सप्रेस चलेगी, परंतु ट्रेन में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है।

अचानक ट्रेनों के रद्द होने से दूसरी ट्रेनों का कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल होता है तो दूसरी तरफ जनरल टिकट पर एक्सप्रेस ट्रेनों में रेलवे प्रशासन ने अभी सफर पर रोक लगा रखा है। ऐसे हालात में जरूरी काम होने पर दोहरी मुसीबत का सामना रेल यात्रियों को करना पड़ रहा है। दरअसल दुर्ग से चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के रद होने से जो यात्री कटनी जाकर दूसरी कोई ट्रेन से सफर करना चाहते हैं, उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कनेक्टिविटी ट्रेनों का कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल होता है बिलासपुर तीसरी लाइन ब्लाक के कारण बुधवार को दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस के पहिए थमे रहे। अब चार फरवरी को नौतनवा एक्सप्रेस के साथ ही रायपुर, भाटापारा से होकर दोपहर चलकर कटनी स्टेशन से दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस भी रद रहेगी,जबकि अधिकांश यात्री इस ट्रेन से कटनी तक जाते हैं। नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव एवं कलमना के बीच तीसरी रेल लाइन में विद्युतीकरण और पानीजाब रेलवे स्टेशन से जोडने के लिए नान इंटरलोकिंग का काम किया जाना है।इस वजह से आठ एक्सप्रेस ट्रेनों को रद किया गया है

### कौशल्या देवी निषाद का निधन



**कटनी।** माझी समाज के वरिष्ठ संरक्षक एवं एनकेजे क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक सुखराम निषाद की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी निषाद का गुरूवार की सुबह करीब 3 बजे आकस्मिक देहावसान हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 फरवरी गुरुवार को शाम 4 बजे नयागांव एनकेजे स्थित निवास निकाली गई, जिसमे बड़ी सं या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए से कामना की। श्रीमतीनिषाद के निधन पर माझी समाज जिला कटनी के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों नश्रद्धाजंलि अर्पित की है।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना,
एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक
Dr
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

नीरज सिनेप्लेक्स में

अंतिम 6 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

Hire Vintage Car for Wedding
ROYAL VINTAGE
Vintage Car Rent
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program


Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 6 दिन
रोजाना 3 शो ता. 28 से
1,4 एवं सायं 7.30 बजे से

PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
Food Junction
MERIDIAN
FLAVOURS
GRAVITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 4 ● कटनी ● शुक्रवार, 4 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## नीट पीजी परीक्षा 2022 स्थगित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट पीजी परीक्षा 2022 को 6-8 सप्ताह के लिए टाल दी है। परीक्षा 12 मार्च, 2022 को होनी थी। नीट पीजी परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी। दरसअल, एक याचिका में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी परीक्षा




टालने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में छात्रों के एक समूह ने याचिका दायर कर यह मांग की थी। परीक्षा के आयोजन के लिए नई तिथियों के बारे में मंत्रालय और राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की समिति 6-8 सप्ताह के बाद समीक्षा कर फैसला लेगी। पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल कोर्स में दाखिले के इच्छुक छात्रों ने याचिका में दावा किया था कि कई एमबीबीएस स्नातक छात्र अनिवार्य इंटर्नशिप अवधि पूरी न होने के कारण मार्च 2022 की नीट परीक्षा नहीं दे पाएंगे। इसलिए परीक्षा टाल देनी चाहिए।

## मप्र में कोरोना के 7,430 नए मामले, 9 की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गुरुवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 7,430 नए मामले सामने आए हैं। इसी के साथ राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 9,88,533 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान 80,530 सैंपलों की जांच की गयी, जिसमें 7,430 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा इंदौर में छह, भोपाल में दो और रतलाम में एक मरीज की मृत्यु हो गई। इस तरह नौ नए मरीजों की मृत्यु बाद अब तक कुल 10,639 मरीजों की जान गयी है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को कोरोना वायरस संक्रमण के इंदौर में 1,011 और भोपाल में 1,307 नए मामले सामने आये। ये दोनों जिले इस बीमारी से प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित हैं। जबलपुर में 408 सागर में 239, रायसेन में 199 सहित अन्य जिलों में कोरोना के मरीज मिले हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 52,963 ऐक्टिव केस हैं और पिछले 24 घंटों में 8,409 लोगों के स्वस्थ होने से राज्य में इस बीमारी को अब तक 9,24,931 लोग मात दे चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि राज्य में गुरुवार को 2,61,376 लोगों को कोविड-19 रोधी टीके की खुराक दी गई और अब तक कुल 11,03,54,844 खुराक लोगों को दी जा चुकी हैं।

### गुजर चुका तीसरी लहर का पीक

नईदिल्ली। देश में 28 दिसंबर 2021 से शुरू हुई कोरोना की तीसरी लहर का पीक चार हफ्ते में ही आ गया। ओमिक्रॉन वैरिएंट की वजह से शुरू हुई लहर 20 जनवरी के बाद थमनी शुरू हो गई। नए केस में लगातार 14 दिन तक गिरावट के बाद एक्सपर्ट्स का मानना है कि पीक गुजर चुका है। देश में 20 जनवरी को सबसे अधिक 3.47 लाख नए संक्रमित मिले थे। 3 फरवरी को 1.47 लाख मरीज मिले हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन समेत दुनिया की ज्यादातर एजेंसियां एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या के आधार पर पीक का अनुमान लगाती है। 7 दिन तक एक्टिव केस में कोई इजाफा न होने पर पीक मान लिया जाता है।देश में गुरुवार को 1.47 लाख नए मामले सामने आए। इस दौरान 2.45 लाख लोग ठीक हुए।

## चाचा ने डांटा तो प्रेमी संग लगा ली फांसी

**मुरैना।** पोरसा के गांव पाल का पुरा में एक प्रेमी जोड़े ने फांसी पर लटककर अपनी जान दे दी है। दोनों एक दूसरे से बेइंतहा मोहब्बत करते थे। पिछले तीन साल से दोनों एक दूसरे से सम्पर्क में थे। यह बात दोनों के घर वालों को पता नहीं थी। एक दिन युवती के चाचा ने उसको प्रेमी से फोन पर बात करते देख लिया तो उसको बहुत डांटा। इस डांट से नाराज होकर युवती अपने प्रेमी के




घर चली गई और वहां जाकर दोनों ने एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की खबर सुबह घर वालों व बाद में गांव वालों को लगी। महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्स्त्रस्विशेषज्ञ डॉ. अर्पिता सक्सैना ने मामले की जांच की। पाल का पुरा गांव निवासी अनूप सखवार तथा निशा सखवार एक दूसरे को बहुत प्यार करते थे। लेकिन उनके प्यार की भनक उनके घर वालों को नहीं थीं। दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ता गया। इस बात को तीन वर्ष बीत गए। दोनों के घरवाले अभी तक उनके प्यार से अनजान थे।

### फटाफट खबरें

## खराब मौसम के कारण उत्तराखंड में पीएम मोदी की वर्चुअल रैली रद्द

उत्तराखंड। शुक्रवार को उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली पहली वर्चुअल रैली खराब मौसम के



कारण रद्द हो गई है। भाजपा ने अपने अधिकारिक बयान में कहा, इस वर्चुअल रैली में शामिल होने आने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने रैली को रद्द करने का फैसला किया है।

## शशिकला समेत छह के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो का आरोपपत्र

**बेंगलुरु।** जयललिता की करीबी वीके शशिकला समेत छह लोगों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने कर्नाटक हाईकोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया है। यह आरोपपत्र केंद्रीय जेल में शशिकला को तरजीही उपचार दिये जाने और कथित अनियमितता से जुड़े एक मामले में दाखिल हुआ है और इसमें जेल के दो शीर्ष अधिकारियों के भी नाम हैं।शशिकला आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में दोषी करार दी गई थीं और चार साल तक परप्पाना अग्रहारा केंद्रीय जेल में कैद रहीं। उन्हें जनवरी 2021 में रिहा किया गया था। चीफ जस्टिस ऋतुराज अवस्थी और जस्टिस सूरज गोविंदराज की खंड पीठ चेन्नई की सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षाविद केएस गीता की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## टाइम बम लगाकर दहशत फैला रहा था मैकेनिकल इंजीनियर

**रीवा।** रीवा पुलिस ने डमी टाइम बम रखकर दहशत फैलाने वाले तीन दहशतगर्दों को गिरफ्तार किया है. मुख्य आरोपी मैकेनिकल इंजीनियर है। पिछले 6 साल से ये अलग अलग इलाकों में डमी बम रखकर दशहत फैला रहे थे। अकेले रीवा में ही पिछले 15 दिन में 5 जगह ये बम रख चुके थे. ये बेरोजगार युवक हैं. नौकरी नहीं मिलने के कारण परेशान थे. सरकार ने जब नौकरी नहीं दी तो अपनी बात पहुंचाने के लिए बम रखकर दहशत फैलानी शुरू कर दी। रीवा जिले में डमी टाइम बम रखकर दहशत फैलाने वाले तीन आरोपियों को सुहागी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने पांच अलग-अलग जगहों पर डमी टाइम बम रखा था. ये बेरोजगार हैं. अपनी बेरोजगारी से तंग आकर सरकार का ध्यान खींचने के लिए ये रास्ता अपना लिया था।

## असदुद्दीन ओवैसी की कार पर फायरिंग मामले में हुआ बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की कार पर फायरिंग मामले में बड़ा खुलासा



हुआ है और गोली चलाने वाले आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक दोनों आरोपी पिछले कई दिनों से ओवैसी का पीछा कर रहे थे और हमले को अंजाम देने के लिए पूरी प्लानिंग की थी।


## हाईकोर्ट का अनूठा फैसला

### लिव-इन में रहने वालों को सुरक्षा दी

# 4 दीवारी से बाहर नहीं निकलेंगे

**चंडीगढ़। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक जोड़े को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सुरक्षा देते हुए कहा कि दोनों घर की चारदीवारी से बाहर नहीं निकलेंगे। जस्टिस अनूप चितकारा ने कहा कि बेहद जरूरी परिस्थितियों में ही घर से बाहर निकलने की अनुमति दी जा रही है।**

इसमें मेडिकल जरूरत होने, जरूरी सामान खरीदने, किसी बेहद करीबी की मौत हो जाने जैसी परिस्थिति में ही छूट दी जाएगी। हाईकोर्ट ने कहा कि ये प्रतिबंध याचिका दायर करने वालों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगाए गए हैं। संबंधित थाने के एसएचओ या कोई अन्य




अधिकारी याचिका 1 सप्ताह के लिए इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे। इसके बाद यदि याचिका दायर करने वालों को लगे कि उन्हें सुरक्षा की जरूरत नहीं है तो सप्ताह पूरा होने के बाद सुरक्षा को वापस लिया जा सकता है।

**लड़के की उम्र कम, इंतजार करना होगा**

याची पक्ष की तरफ से वकील संचित पुनिया ने कहा कि दोनों शादी करना चाहते हैं। लड़की की उम्र 18 साल 5 महीने है, लड़के की उम्र 19 साल दो महीने है। ऐसे में लड़के की शादी की उम्र होने तक दोनों को इंतजार करना होगा। लड़की को बुजुर्ग व्यक्ति से शादी करने के लिए विवश किया जा रहा है। परिजनों ने लड़की की जबरन शादी करवाने का प्रयास भी किया, ऐसे में दोनों ने घर से भाग साथ रहने का फैसला किया। लड़की के परिजन दोनों को तलाश रहे हैं और उन्हें जान का खतरा है। कुरुक्षेत्र व यमुनानगर के एसपी को भी रिप्रेजेंटेशन दी गई थी लेकिन कार्यवाही नहीं की गई। ऐसे में हाईकोर्ट से सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है।




## पुणे में देर रात बड़ा हादसा | निर्माणाधीन इमारत में लोहे का स्लैब गिरा

# 7 मजदूरों की मौत

**पुणे।** पुणे में गुरुवार देर रात बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक मॉल के निर्माण के दौरान लोहे का स्लैब गिरने से 7 मजदूरों की मौत हो गई। 3 गंभीर रूप से घायल हैं। कुछ अन्य भी घायल हुए हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने ट्वीट कर मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की है।हादसा येरवडा इलाके में शास्त्री वाडिया बंगले के पास हुआ। यहां एक मॉल बनाया जा रहा था। इसके बेसमेंट में लोहे का स्लैब ढह गया। पुणे के डीसीपी रोहिदास पवार ने बताया कि निर्माण के दौरान जो सावधानियां बरतनी चाहिए थीं, शायद वह नहीं बरती गई।स्थानीय विधायक सुनील टांगरे ने बताया कि मृतकों में ज्यादातर बिहार के रहने वाले हैं। ट्रैफिक पुलिस कमिश्नर राहुल श्रीराम ने बताया कि इमारत में देर रात तक काम चल रहा था, तभी अचानक लोहे का भारी भरकम स्लैब गिर गया। जिस वक्त हादसा हुआ, वहां 10 मजदूर काम कर रहे थे। मरने वाले अधिकांश मजदूर बिहार के बताए जा रहे हैं।

## डिंडौरी में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से तीन की मौत



**डिंडौरी।** जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बच्छरगांव में ढिमरान टोला के पास गुरुवार की रात ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से उसके नीचे दबे तीन ग्रामीणों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। सूचना पर गा ?ासरई और बजाग थाने का पुलिस बल रात में ही मौके पर पहुंचा और बारिश के बीच जेसीबी लगाकर काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर ट्राली को अलग कर मृतकों के शव को बाहर निकाला गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए गए। गाड़ासरई थाना प्रभारी स्वाति शर्मा ने बताया कि घोपतपुर से धान का कौड़ा ट्रैक्टर में लोड कर गाड़ासरई में बेचने के बाद ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली में बैठ कर वापस जा रहे थे। रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच बच्छरगांव में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे पलट गई। हादसे में अमर लाल तेकाम घोपतपुर, थान सिंह धुर्वे पिंडरुखी व तुलसी मरपाची ग्राम किवाड़ की मौत हो गई।

## मनी लांड्रिंग मामले में सीएम चन्नी के भांजे हनी गिरफ्तार

**मोहाली।** मनी लांड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने वीरवार देर रात करीब दो बजे पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भांजे भूपिंदर सिंह हनी को गिरफ्तार कर लिया है। हनी को आज मोहाली को अदालत में पेश किया जाएगा। वर्ष 2018 में दर्ज हुए अवैध खनन के एक मामले में 18 जनवरी को भूपिंदर सिंह हनी के



मोहाली, लुधियाना व पठानकोट स्थित ठिकानों पर छापे मारे थे। ईडी को भूपिंदर के ठिकाने से 7.9 करोड़, भूपिंदर के साथी संदीप के ठिकाने से 2 करोड़, 21 लाख कीमत के सोने के गहने तथा 12 लाख की रोलेक्स घड़ी बरामद की थी। ईडी ने जालंधर स्थित कार्यलय में वीरवार को भूपिंदर सिंह को पूछताछ के लिए बुलाया। करीब 9 घंटे तक हुई पूछताछ के दौरान भूपिंदर सिंह घबरा गया और उसने ईडी अधिकारियों के समक्ष तबियत बिगड़ने की बात कही। इसके बाद उसे जालंधर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। रात करीब 1 बजे अस्पताल ने भूपिंदर की सभी जांच रिपोर्ट नार्मल होने का दावा किया। जिसके बाद रात 2 बजे भूपिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी द्वारा भूपिंदर को आज मोहाली की अदालत में पेश किया जाएगा।ईडी ने छापामारी के दौरान कहा था कि देशभर में माफियाओं द्वारा करोड़ों रुपये छुपाए गए हैं, जिसे ईडी द्वारा उजागर किया जा रहा है। केवल पंजाब में अवैध रेत खनन मामले लगभग दर्जनभर जगहों पर छापेमारी की है।लुधियाना में भूपिंदर सिंह हनी के आवासीय परिसर से करोड़ों रुपये बरामद हुए थे।

## सचिन वाजे के साथ 100 करोड़ की वसूली रैकेट में शामिल थे अनिल देशमुख

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय ने अपने आरोप पत्र में कई बड़े खुलासे किए हैं। ईडी ने अपने आरोप पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने 1992 से अपने पद का गलत फायदा उठाया। उन्होंने अवैध रूप से बहुत पैसा कमाया। अवैध रूप से अर्जित धन का उपयोग 13 कंपनियों में किया गया था। उन्होंने अपने साथ कई सरकारी कर्मचारियों को भी जोड़ा था।आरोप पत्र में आगे कहा गया है कि बर्खास्त मुंबई पुलिस अधिकारी सचिन वाजे ने अपने बयान में ईडी को बताया कि अनिल देशमुख ने 16 साल के निलंबन के बाद उन्हें मुंबई पुलिस में बहाल करने के लिए दो करोड़ रुपये की मांग की थी। अनिल देशमुख को सचिन वाजे से नियमित रूप से जानकारी मिल रही थी और वे एक साथ मुंबई में विभिन्न बार, रेस्तरां और अन्य प्रतिष्ठानों से 100 करोड़ रुपये की वसूली के इस पूरे रैकेट में शामिल थे।

## 2 नाबालिग छात्राओं को हॉस्टल की छत से फेंका

### एक की मौत, दूसरी गंभीर, पटना में आगजनी

पटना। पटना सिटी के बहादुरपुर में एक हॉस्टल की छत से दो नाबालिग छात्राओं को एक सिरफिरे ने नीचे फेंक दिया। हादसे में एक की मौत हो गई। दूसरी को घायल हालत में लोगों ने क्क्ष्ट॥ में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों छात्राएं बहन थीं। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने जमकर बवाल किया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बहादुरपुर पुलिस पर लोगों की भीड़ ने जमकर पथराव शुरू कर दिया। पुलिस की कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। इस हादसे में बहादुरपुर थाना प्रभारी, सुलतानगंज थाना प्रभारी सहित एक दर्जन से ज्यादा पुलिस के जवान बुरी तरह घायल हो गए।जानकारी के अनुसार दोनों बहनें रामकृष्ण नगर कॉलोनी में ही किराए के



मकान में रहने वाले नंदलाल गुप्ता की बेटी थी। नंदलाल गुप्ता उत्तर प्रदेश के देवरिया के रहने वाले हैं और बहादुरपुर फल मंडी में फलों का व्यापार करते हैं। उनकी दो बेटियां सलोनी (13 साल) और सोनाली (10 साल) की थीं। छत से फेंके जाने से बड़ी बेटी सलोनी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सोनाली गंभीर तौर पर घायल है।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक के पास से एक चाकू बरामद किया है।

## चीन बना रहा | रॉकेट जैसा हाइपरसोनिक प्लेन

# सिर्फ एक घंटे में तय होगा बीजिंग से न्यूयॉर्क का सफर!

**पेइचिंग।** चीन की एक कंपनी ने एक हाइपरसोनिक विमान बनाने की घोषणा की है जो पेइचिंग से न्यूयॉर्क तक सिर्फ एक घंटे में उड़ान भर सकेगा। कंपनी च्रॉकेट विद विंग्सज् विमान को आश्चर्यजनक 7000 मील प्रति घंटे (11265 किमी प्रति घंटा) की रफ्तार से उड़ान भरने के लिए डिजाइन कर रही है। दावा किया जा रहा है कि इसका परीक्षण अगले साल शुरू होने वाला है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह 2024 तक हवा में उड़ने के लिए तैयार हो जाएगा।द सन ने स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इस फ्यूचरिस्टिक प्लेन को स्पेस ट्रांसपोर्टेशन फर्म विकसित कर रही है। माना जा रहा है कि यह दशक के अंत तक एक छोर से दूसरे छोर तक उड़ान भरना शुरू कर



देगा। कंपनी ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें रॉकेट विंग्स से उड़ने वाले विमान के एनिमेशन को देखा जा सकता है। टेकऑफ के बाद विमान रॉकेट से संचालित विंग्स से अलग हो जाता है और अपने गंतव्य की ओर चला जाता है, जबकि विंग और बूस्टर फिर लॉन्च पैड पर वापस आ जाते हैं।

### एक घंटे में बीजिंग से न्यूयॉर्क पहुंचने का दावा

अपने गंतव्य पर पहुंचने के बाद विमान सामने वाले तीन पैरों का इस्तेमाल करके लैंड करता है। कंपनी का दावा है कि यह सिर्फ एक घंटे में न्यूयॉर्क को चीन की राजधानी से जोड़ने में सक्षम होगा। फर्म ने चीनी मीडिया को बताया, च्हम हाई-स्पीड, पॉइंट-टू-पॉइंट ट्रांसपोर्टेशन के लिए एक च्पंखों वाला रॉकेटज् विकसित कर रहे हैं। यह सैटेलाइट ले जाने वाले रॉकेट की तुलना में सस्ता होगा और पारंपरिक विमानों की तुलना में तेज होगा।

## अंबानी को पीछे छोड़ अडानी अब भारत के सबसे बड़े रईस

**नई दिल्ली।** दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में गुरुवार को बड़ा उलटफेर हुआ। अडानी गुप के चेयरमैन गौतम अडानी न केवल भारत के सबसे बड़े अरबपति बन गए बल्कि उन्होंने अंबानी और मार्क जुकरबर्ग को पछाड़ टॉप-10 में अपनी जगह बना ली, लेकिन आज यानी शुक्रवार को फोर्बस रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक मुकेश अंबानी फिर से अडानी को पछाड़ भारत के नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो गए हैं। हालांकि, आज दिनभर अंबानी-अडानी के बीच नंबर वन की रेस देखने को मिलती रहेगी क्योंकि, दोनों के नेटवर्थ में बहुता कम का अंतर है। गुरुवार को मार्क जुकरबर्ग के नेट वर्थ में 29 अरब डॉलर की सेंध लग गई। मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के स्टॉक ने एक



दिन में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की तो वहीं मुकेश अंबानी की संपत्ति भी गुरुवार को 1.2 अरब डॉलर कम हो गई। इससे अडानी को फायदा हुआ और वह 12वें स्थान से 10वें पर पहुंच गए।



कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# नगर में जल्द शुरू होगा बदहाल सड़कों का सुधार

## कलेक्टर ने सर्वे कर प्रस्ताव तैयार किये जाने के दिए निर्देश, नगर परिषदों के विकास कार्यों की भी बैठक में की समीक्षा

**कटनी।** नगर की सड़कों के सुधार के लिए जिन स्थानों का चयन किया गया है, उसके अलावा एक बार नगर का फिर से सर्वे करें। जिन स्थानों पर सड़कों की स्थिति ठीक नही हैं, उनको प्रस्ताव में जोड़ें। जिन स्थानों पर सबसे अधिक जरूरी है, उन सड़कों को प्राथमिकता में रखें। नगर को स्वच्छ बनाने के लिए जितने भी नाले-नालियां हैं, उनकी सफाई कराएं और उसके बाद जालियां लगाकर उनको कवर्ड कराते हुए लोग कचरा न डाले इसको लेकर बोर्ड भी लगवाएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक के प्रथम चरण में नगर निगम कटनी के कार्यों व योजनाओं की समीक्षा कलेक्टर श्री मिश्रा ने की। उन्होंने नगर की विभिन्न सड़कों के उन्नयन व नवीनीकरण के प्रस्तावों की जानकारी ली। साथ ही कहा कि नगर के मुख्य मार्गो के अलावा अंदर की स्थिति भी देखें और जिन सड़कों के उन्नयन आदि की जरूरत है, उसको भी प्रस्ताव में शामिल कराएं। स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगर निगम के अधिकारियों से नगर के नालों की सफाई और उनमें दोबारा गंदगी न हो, इसकी जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी नालों की सफाई कराते हुए जालियां लगाकर कवर्ड कराने के निर्देश दिए।



### सड़क पर मलबा रखने वालों पर लगाएं जुर्माना

कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर भवनों का मलबा सड़क पर रखने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश बैठक में दिए। साथ ही कहा कि मलबा कलेक्शन सेंटर को व्यवस्थित करें और स्वच्छता में जिन पैरामीटर में रैकिंग कम होती है, उन बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्लान तैयार करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने 28 फरवरी तक आयोजित संकल्प माह की गतिविधियों व उनकी तैयारी की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर व्यापारियों की सूची तैयार करने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगर के खाली पड़े प्लांट जिनमें गंदा पानी एकत्र होता है, उसकी जानकारी लेते हुए प्लाट मालिकों पर कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए।

### पांच वर्ष के रोडमैप पर हुई चर्चा

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगर निगम के पांच वर्ष के रोडमैप को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। जिसमें जलापूर्ति, सीवरेज, स्वच्छता, निर्माण ध्वंस अपशिष्ट प्रसंस्करण प्लांट लगाने, फूलों से अगरबत्ती का निर्माण, बायोमैथीन प्लांट, प्लास्टिक रिसाइकलिंग, वर्षा जल निकासी, पीएम आवास आदि के कार्य शामिल थे। उन्होंने प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश प्रदान किए। साथ ही संपत्तिकर, जलकर वसूली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को प्रदान किए।

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के लिए लगाएं हेल्थ कैंप

कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, एमएसडब्ल्यू के कर्मचारियों के लिए हेल्थ कैंप आयोजित करने के निर्देश बैठक में दिए। साथ ही कहा कि कर्मचारियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने से अच्छा है कि हम उनके जीवन में सुधार के लिए कितना काम कर सकते हैं, उसपर ध्यान दें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास शहरी की प्रगति की जानकारी ली और आवास लोन स्वीकृति को लेकर बैंक अधिकारियों से पत्राचार करते हुए लोन मेला आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए। एलआईजी भवनों के संबंध में जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने एक सप्ताह के अंदर जानकारी को पोर्टल में अपलोड कराने के निर्देश प्रदान किए। पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा भी कलेक्टर ने की। साथ ही नगर निगम क्षेत्र में जिन बैंकों में वाहन पार्किंग की सुविधा नहीं है, उनको नोटिस देते हुए पेनाल्टी लगाने के भी निर्देश प्रदान किए।

### दीनदयाल रसोई में बढ़ाएं जनसहयोग

कलेक्टर श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री शहरी अधोसंचरना अंतर्गत बस स्टैंड के निर्माण कार्य व विकास कार्यों के संबंध में बैठक में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा दीनदयाल रसोई की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए रसोई के संचालन में जनसहयोग को बढ़ाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। साथ ही कहा कि रसोई का नियमित निरीक्षण करें और भोजन करने आने वालों से भोजन की गुणवत्ता को लेकर फीडबैक भी लें। अमृत योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के नल कनेक्शन कार्य की कलेक्टर श्री मिश्रा ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि छोटी-छोटी सी समस्या के कारण जिन घरों में हम कनेक्शन नहीं दे पा रहे हैं, उनका निराकरण करें। बैराज में उपलब्ध पानी की स्थिति की भी जानकारी बैठक में कलेक्टर ने ली और कहा कि भविष्य में हमें नर्मदा नहर का पानी मिले, इससे पहले शहर में सप्लाई के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर लें ताकि पानी की उपलब्धता के साथ ही उसे नगर में तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा नालों में एसटीपी का निर्माण कराने सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

### नगर परिषदों के कार्य, योजनाओं की भी हुई समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगर परिषद विजयराघवगढ़, कैमोर व बरही के विकास कार्यों, योजनाओं की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में सभी नगर परिषदों के सीएमओ को प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सड़कों के सुधार को लेकर भ्रमण कर सड़कें चिन्हित करने के निर्देश प्रदान किए। साथ परिषदों के प्रशासक को भी पीएम आवास व स्वच्छता सर्वेक्षण की गतिविधियों को लेकर भ्रमण कर आवश्यक गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश प्रदान किए। पीएम आवास को लेकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि एक भी पात्र व्यक्ति पक्के मकान से वंचित न हो, इसका सभी ध्यान रखें। साथ ही किश्त जारी करने में लापरवाही न हो, इसका ध्यान रखने के भी निर्देश प्रदान किए। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर भी नगर परिषदों में सर्वे कराने के निर्देश बैठक में प्रदान किए गए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे, पीओ डूडा अभय मिश्रा, एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई, तीनों नगर परिषदों के सीएमओ सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे।

## 28 फरवरी तक चलेगा सदस्यता अभियान

# कांग्रेसजनों ने सदस्य बनाने एनकेजे में किया संपर्क



**कटनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिलों में घर चलो, घर-घर चलो के संकल्प के साथ कांग्रेस का सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एड. के नेतृत्व में घर चलो घर-घर चलो अभियान शुरू किया गया। क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और उत्साह से घर घर जाकर भारतीय जनता पार्टी की विफलताओं और कॉन्ग्रेस की कमलनाथ सरकार के द्वारा किए गए जनहितेषी कार्यों के विषय में जनता को बताया। इस अवसर पर एनकेजे क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। कांग्रेस का यह अभियान आगामी 28 फरवरी तक चलेगा। कल शाम 4 बजे स्टेशन चौराहे से कांग्रेसजनों ने भृमण प्रारंभ कर सुभाष चौक, झंडा बाजार, सराफा बाजार होते हुए आजाद चौक तक जनता से घर घर जाकर संपर्क किया। कांग्रेस के घर चलो घर, घर चलो अभियान में बहुत ही उत्साह के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण, युवा कांग्रेसए एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल व अन्य सभी प्रकोष्ठों के साथियों ने घर घर जाकर कांग्रेस के पक्ष में सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का, एनएसयूआई राष्ट्रीय समन्वयक अंशु मिश्रा, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष पंकज गौतम, उप नेता प्रतिपक्ष मौसूफ अहमद एडवोकेट, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव हेमलता शर्मा, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोज गुप्ता डवोकेट, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, रौनक खंडेलवाल, शेखर भारद्वाज, आफताब अहमद, राजा जगवानी, कमल पाण्डेय, संदीप यादव, अजय खटीक, शुभम मिश्रा, विजय चांदवानी, श्याम यादव, मुमताज बानो, दीपक केशरवानी, जगदीश निषाद, रामअवतार धुर्वे, विवेक विरहा, प्रेमनारायण पठारिया, दयाराम सिहोटेए महेश सिंहए विजय बक्सरे, सुनील श्रीवास एड., विनीत जायसवाल, विजय मंगल चौधरी, देवेंद्र घोषी, आलम खान, जीशान अब्बास, शुभम मिश्रा, दीपक राय, शिवराम नायडू, सविनय सिंह, अरबाज खान, सलमान खान, अरबाज खान, शोहेब हबीब, उत्कर्ष चौरसिया, प्रदीप नामदेव, शुभम श्रीवास्तव, कंवलदीप यादव, यूनुस खान, अनूप सिंह, संदीप चौहान, भोला, आदित्य सिंह, कमल साहू, अंकुश कुमार, आदिल मंसूरी, प्रेमचन्द्र, लोकेश, विपिन सिंह, निशार आलम, मुन्ना बर्मन, मयंक सेन, बसन्त दाहिया, कल्लू चंदेल, बसंती ठाकुर, संजू चौहान, इमरान खान सहित भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने भृमण किया।

## निर्धन छात्राओं की फीस के लिए डॉ. उमा निगम ने विद्यालय में दान की 15 हजार की राशि

**कटनी।** नगर की सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. उमा निगम ने सरस्वती विद्यालय में अध्ययनरत् निर्धन विद्यार्थियों के शुल्क के रूप में सहयोग प्रदान करते हुए 15 हजार रुपये की राशि विद्यालय में जमा कराई है। इस राशि का उपयोग उन छात्राओं के लिए होगा जो अपनी फीस जमा करने में असमर्थ हैं। संस्था के प्राचार्य कमलेश तिवारी ने डॉ. उमा निगम को धन्यवाद् ज्ञापित करते हुए कहा कि निश्चिय ही उनका यह सहयोग शिक्षा के प्रति लगाव को प्रगट करता है। इस सहयोग के लिए समिति के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष धन्य कुमार गांधी, उपाध्यक्ष डॉ. श्रीराम पाठक, सचिव चंद्रप्रकाश बरसैंया, सहसचिव अशोक कुमार भगेरिया, कोषाध्यक्ष अनु श्रीवास्तव एवं समिति परिवार ने डॉ. निगम को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## जिला कोषालय में जमा करें शासकीय सेवकों की ईएसएस प्रोफाइल

**कटनी।** जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि समस्त शासकीय सेवकों को उनकी प्रोफाईल संबंधी विवरण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में अपडेट किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके परिपालन में जिला कोषालय अधिकारी ने जिले के समस्त लोकसेवकों को निर्देशित किया है कि वे मार्च 2022 तक सेवानिवृत्त होने वाले समस्त शासकीय सेवकों की ईएसएस प्रोफाईल में समस्त प्रविष्टियां कार्यालय में उपलब्ध भौतिक अभिलेख अनुसार सही है, संलग्न प्रमाण पत्र प्रारुप में प्रमाण पत्र जिला कोषालय कार्यालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# देश के बजट को समझा छात्र-छात्राओं ने

### तिलक कॉलेज में आयोजित हुआ बजट सत्र



**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट सत्र का आयोजन शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के अर्थषास्त्र विभाग द्वारा किया गया। बजट सत्र का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के.खरे की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्रषसकीय अधिकारी डॉ. चित्रा प्रभात विभागाध्यक्ष राजनीतिषास्त्र की उपस्थिति रही। बजट सत्र के आयोजन में अर्थषास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कुमुद श्रीवास्तव ने हर वर्ग पर पड़ने वाले बजट के प्रभाव को समझाया। सहायक प्राध्यापक लक्ष्मी नायक ने बजट का उच्च शिक्षा में लाभ विषय पर जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक सुनील त्रिपाठी द्वारा बजट की विस्तार से चर्चा की गई। सहायक प्राध्यापक अजय कुररिया द्वारा कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय एवं कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की सहभागिता भी रही। पूरा कार्यक्रम अर्धशासकीय विभागाध्यक्ष डॉ. कुमुद श्रीवास्तव के संयोजन में किया गया।

## पुरवार शाला में विश्व नम भूमि दिवस पर हुआ संवाद



**कटनी।** नम भूमि की जरूरत उसके महत्व और उसकी उपयोगिता के कारण नम भूमि का संरक्षण भी जरूरी है। यह संदेश देने के लिए 2 फरवरी को वर्ल्ड वेटलैंड डे के रूप में मनाया जाता है। स्थानीय शासकीय पुरवार शाला में विश्व नम भूमि दिवस पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य आलोक पाठक के निर्देशन में किया गया। संवाद का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य आलोक पाठक ने नम भूमि की आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही हम भूमि को संरक्षित करने के उपाय भी विद्यार्थियों को बताए। विज्ञान प्रभारी ज्योत्स्ना मिश्रा ने भी नम भूमि के संरक्षण की जरूरत क्यों है इससे बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम में में स्टाफ़ की अन्य शिक्षिकाओं में किरण दुबे, मधूलिका मिश्रा सहित कौशिक प्रजापति, करण सौंधिया, काजल चक्रवर्ती, शांति श्रीवास, शालिनी चक्रवर्ती, नंदिनी सिंह, श्रद्धा कोरी, नेहा सिंह की सहभागिता रही।

# अब दुनिया टर्निंग प्वाइंट पर

### बजट और आत्मनिर्भर भारत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना भाजपा कार्यकर्ताओं ने





**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए इसे प्रगतिशील और आम लोगों के अनुकूल बताया। उन्होंने कहा कि यह बुनियादी ढांचे, अधिक निवेश, अधिक विकास और अधिक नौकरियों की नई संभावनाओं से भरा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बजट और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर विस्तार से अपनी बात रखने के लिए भाजपा द्वारा आमंत्रित किया गया था। भाजपा कार्यकर्ताओं सहित देशवासियों के सामने अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि इस समय देश 100 साल में आई सबसे बड़ी वैश्विक महामारी से लड़ रहा है। कोरोना का ये कालखंड दुनिया के लिए अनेक चुनौतियां लेकर आया है। दुनिया उस चौराहे पर आकर खड़ी हो गई है, जहां टर्निंग प्वाइंट निश्चित है। आगे जो दुनिया हम देखने वाले हैं वो वैसी नहीं होगी जैसी कोरोना से पहले थी। पीएम मोदी ने कहा कि ये समय नए अवसरों का है नए संकल्पों की सिद्धि का समय है। बहुत जरूरी है कि भारत आत्मिनिर्भर बने और आत्मनिर्भर भारत की नींव पर एक आधुनिक भारत का निर्माण हो।

पीएम मोदी ने कहा कि आज समय की मांग है कि भारत की कृषि भी आधुनिक बने, नए तौर-तरीके अपनाएं। किसानों पर बोझ कम हो। देश की कृषि को टेक्नॉलॉजी आधारित और कैमिकल फ्री बनाने के लिए बड़े कदम इस बजट में उठाए गए हैं। बीते बजट में हमने किसान रेल और किसान उड़ान की सुविधा सुनिश्चित की। अब किसान ड्रोन किसानों का नया साथी बनने वाला है। ड्रोन तकनीक से किसान को तो मदद मिलेगी ही उत्पादन का रियल टाइम डेटा भी उपल्बध होगा। इससे जुड़े स्टार्ट-अप्स को फंड करने के लिए नाबार्ड के माध्यम से मदद भी दी जाएगी।

### महिलाओं को घर की मालकिन बनाया

पीएम मोदी ने कहा कि जो गरीब थे झोपड़पट्टी में रहते थे, अब उनके पास अपना घर है। पहले के मुकाबले इन घरों के लिए राशि भी बढ़ाई और घरों का साइज भी बढ़ाया है ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए जगह मिल जाए। बड़ी बात ये भी है कि इसमें से ज्यादातर घर महिलाओं के नाम पर है यानि हमने महिलाओं को घर की मालकिन भी बनाया।

## झिंझरी पुलिस चौकी के पास लगा शिविर, 68 हजार जमा हुए

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2021 -2022 की समाप्ति पर नागरिकों को निगम के बकाया करों को जमा करनें की सुविधा एवं निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ती हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में रोजाना वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को उनके वार्ड में ही निगम के बकाया संपत्तिकर एवं जलकर को जमा करनें की सुविधा प्रदान की जा रही है। आयोजित होनें वाले शिविरों की श्रंखला में प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक के मार्गदर्शन में निगम के राजस्व अमले द्वारा महाराणा प्रताप वार्ड स्थित झिंझरी पुलिस चौकी के पास शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित राजस्व टीम द्वारा वार्ड में भ्रमण कर नागरिकों को शिविर की जानकारी प्रदान की जाकर शिविर स्थल पहुंचकर निगम के बकाया करों को जमा करनें की अपील की जाकर आगंतुकों को संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा करनें की सुविधा प्रदान की गई। आयोजित शिविर के दौरान संपत्तिकर की 19 रसीदों से 34415 रूपये तथा जलकर की 15 रसीदों से 33845 रूपये कुल 68260 रूपये निगम कोष में जमा कराये गए।


## कार्यालय नगरपालिक निगम मुड़वारा कटनी (म.प्र.)

क्रं./8053/मुख्य स्टोर्स/2021-22 **द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक - 31-01-22

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित जनरेटर सेट क्रय करने हेतु निर्माताओं, कंपनी द्वारा अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं से ई- टेन्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें www.mptenders.gov.in पर Key Date and Time अनुसार आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते व जानकारी मुख्य स्टोर्स के कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा सब पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपए में) | अमानत राशि (रूपए में) | अनुमानित व्यय राशि रूपए में | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply, installation, testing and commissioning of diesel gererating set three phase, water cooled with AMF control panel, 20 KVA, 415V | 01 नग | 2000.00 | 3000.00 | 3,00,000.00 | 15 दिवस |

1- निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 04/02/2022 सायंकाल 5:30 बजे से। 2- निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21/02/2022 सायंकाल 5:30 बजे तक। 3- निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बिड खोलने की तिथि 23/02/2022 प्रातः 11:00 बजे से। 4- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ ऑनलाइन किया जावेगा।

**प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिक निगम कटनी**

# खेल मैदान की जमीन पर वन विभाग के अवैध कब्जे का पंचायत ने जताया विरोध

**विरोध के बाद एसडीएम ने लिया मामले में संज्ञान, एसडीओ फॉरेस्ट को जारी किया नोटिस, जबाव पेश करने तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश**

### राजस्व रिकार्ड में जमीन खेल मैदान के नाम पर सुरक्षित





**कटनी।** जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मतवार पड़रिया में खेल मैदान के लिए आवंटित भूमि पर वन विभाग द्वारा अवैध कब्जा किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में अब अनुविभागीय अधिकारी कटनी ने हल्का पटवारी के जांच प्रतिवेदन के आधार पर अनुविभागीय वन अधिकारी को नोटिस जारी करते हुए आगामी आदेश तक यथास्थिति बनाये रखने के लिए निर्देशित किया है। गौरतलब है कि जनपद पंचायत कटनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मतवार पड़रिया के खेल मैदान खसरा न बर 40 एवं 41 रकबा 0.76 तथा 1.2 में हेक्टेयर वन विभाग द्वारा जबरन कब्जा किये जाने का मामला गुरूवार को सामने आया था, जिसको लेकर ग्राम पंचायत मतवार पड़रिया के सरपंच एवं सचिव ने 12 जनवरी को एक शिकायत वन विभाग, तहसीलदार मुड़वारा नंबर 2 एवं जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी को दी थी। जिसमे कहा गया था कि वन विभाग द्वारा पंचायत के खेल मैदान में जबरन कब्जा कर गड्ढे बनाकर पौधे लगवाए जा रहे हैं, जबकि उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है, इसके अलावा मनरेगा योजना के अंतर्गत 25 नव बर 2011 को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर राज्य शासन ग्राम पंचायत मतवार पड़रिया को 4 लाख 82 हजार की राशि द्वारा स्वीकृत कर खेल मैदान बनाया गया था। बताया जाता है कि पिछले कई वर्षो से गांव के बच्चे क्रिकेट, व्हालीबॉल आदि खेल मैदान में खेलते आ रहे हैं। पंचायत द्वारा निर्मित खेल मैदान में वन विभाग द्वारा जबरन कब्जा किये जाने व उसके सैकड़ो गड्ढे खुदवा देने के चलते खेल मैदान पूरी तरह नष्ट हो गया हैं। गौरतलब है कि सरपंच एवं सचिव की शिकायत पर तहसीलदार मुड़वारा नंबर 2 के आदेश पर उक्त खसरा व रकबे की भूमि का भौतिक सत्यापन हल्का पटवारी द्वारा सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगर सहायक एव ग्रामीणों की उपस्थिति में करते हुए स्थल पंचनामा तैयार कर प्रतिवेदन बनाया गया। जिसमे वर्तमान अभिलेख चालू नक्शा सीट पर आरक्षित हरी लाइन से खसरा न बर 40 व 41 के पूर्व की मेढ़ एवं उत्तर की मेढ़ पर यह दर्शाया गया है कि  वन विभाग एवं ग्राम पंचायत की भूमि प्रथक-प्रथक दर्शायी गई है। हाल ही में वन विभाग द्वारा खोदे गए गड्ढों में कार्य करना बंद किया गया है। बहरहाल मामले को लेकर ग्राम पंचायत सहित ग्रामीण इस बात पर अड़े रहे कि खेल मैदान से वन विभाग द्वारा अवैध तरीके से बेजा कब्जा हटाया जाकर खुदवाए गए गड्ढे भरे जाएं, ताकि खेल मैदान ग्राम के बच्चों को खेलने के लिए पूर्व की तरह सुरक्षित रहे।

### राजस्व अमले ने की थी जांच

ग्राम पंचायत मतवार पड़रिया के सरपंच एवं सचिव की शिकायत पर हल्का पटवारी 21-11 ने मुड़वारा-2 के नायब तहसीलदार के निर्देश का पालन करते हुए विवादित भूमि स्थल की नापजोख कर पंचनामा प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित राजस्व न्यालय में पेश किया, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी कटनी ने 3 फरवरी को विवादित मामले पर संज्ञान लेते हुए निर्धारित समय अवधि पर वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कटनी को मतवार पड़रिया में खेल मैदान में अनाधिकृत दखल के संबंध में जवाव एवं अपना जवाब प्रतिवेदन प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया है, साथ ही आगामी आदेश तक यथा स्थिति बनाये रखने भी निर्देशित किया गया हैं।

### क्या कहते हैं सरपंच-सचिव

ग्राम पंचायत मतवार पड़रिया के सरपंच एवं सचिव ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी कटनी द्वारा मामले में त्वरित संज्ञान लेने व वन विभाग को नोटिस जारी किए जाने पर ग्रामीणों के साथ ही गांव के युवा खिलाड़ियों ने राहत की सांस ली है। सरपंच एवं सचिव का यह भी कहना है कि राजस्व न्यायालय एवं अनुविभागिय अधिकारी कटनी द्वारा न्याय प्रिय तरीके से नियमानुसार कार्यवाही की गई है, साथ ही उक्त भूमि पर निर्मित खेल मैदान ग्राम पंचायत की संपत्ति उन्हें वापस मिल सकेगी, ताकि ग्राम के बच्चों को खेलने के लिए शासन की मंशा अनुसार खेल मैदान पुनः पूर्व की तरह यथावत रहकर ग्राम पंचायत के बच्चों को खेल मैदान खेलने के उपयोग में लिया जा सकेगा।



# इंदिरानगर में हुए अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश

**पत्थर पटककर युवक की हत्या के आरोपी ने उगली एक और कत्ल की वारदात**

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत इंदिरानगर के समीप 31 दिस बर को युवक की अंधी हत्या का कुठला पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। आरोपी ने पूछताछ में एक नहीं बल्कि दो हत्या किया जाना कबूल किया है। पिछले एक माह से चल रही जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने सायको किलर को सलाखों के पीछे तक पहुंचाया। आरोपी के खिलाफ पहले से कई संगीन मामले दर्ज थे। आरोपी 2008 से अपराध की दुनिया में आतंक का पर्याय बना हुआ था।

कोतवाली में आयोजित पत्रकारवार्ता में एएसपी मनोज केडिया ने बताया कि विगत 31 दिसंबर की सुबह 07.30 बजे डायल 100 में इंदिरानगर निवासी रूपनारायण तिवारी ने पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति मृत अवस्था में एमपीईबी के सामने इंदिरानगर में खून से लथपथ पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की बारीकी से छानबीन की। मृतक की जेब में उसका आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान चंद्रशेखर पिता ओमकार निषाद 32 वर्ष निवासी चक्कीघाट थाना कोतवाली के रूप में हुई। कुठला थाने में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतक को सिर में चोट लगने से मृत्यु होना प्रतीत होने एवं डॉ राजेंद्र सिंह द्वारा मृतक को सिर में गंभीर चोट लगने से मौत होना लिख किया गया। परिजनों के बयान और पंचनामा एवं शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर धारा 302, 301 के तहत अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया।

पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि मृतक पहरूआ मंडी में मजदूरी करता था और घटना के दिन अपनी बहन के यहां इंदिरानगर वार्ड नंबर 1 आया था। रात 8 बजे अपनी बहन के घर से चक्कीघाट जाने के लिए निकला और उसकी लाश में एमपीईबी के सामने इंदिरानगर में खून से लथपथ मिली। एसपी सुनील जैन के निर्देशन में एएसपी मनोज केडिया, डीएसपी शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे व उनकी टीम ने मृतक के बारे में खोजबीन की। साइबर सेल से मदद ली और सूक्ष्मता से गहन विश्लेषण करने पर संदेही कैलाश उर्फ झोला पिता भोला चौधरी निवासी गली नंबर 3 वार्ड क्रमांक 1 इंदिरानगर थाना कुठला के बारे में घटना कारित करने की जानकारी प्राप्त हुई। संदेही पूर्व में भी कई घटनाएं कर चुका था, जिस पर संदेही की तलाश के लिए टीम गठित की गई।

### भागने की फिराक में था आरोपी

पुलिस को पता चला कि कैलाश चौधरी बाईपास पुल में भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि एमपीईबी के पावर हाउस के सामने चंद्रशेखर आते दिखाई दिया, उसे रोका और शराब पीने के लिए पैसे मांगे। चंद्रशेखर ने पैसे देने से मना कर दिया। जिस पर विवाद हो गया और उसने मुझे एक थप्पड़ मारा, जिससे मुझे गुस्सा आ गया और मैन पहले रोड में ही पड़े पत्थर को उठाकर उसके सिर में मारा, जिससे वह गिर गया और फिर उठकर सूने आवास की तरफ भागने लगा। उसे पकड़ कर जमीन पर पटक दिया और वहीं पड़ा पत्थर उसके सिर में मारा जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी द्वारा पूछताछ के दौरान कुछ दिन पहले जबलपुर रोड में पेट्रोल पंप की तरफ 27-28 जन की रात को अग्रवाल ढाबा पिपरौंध के पास सड़क किनारे प्रतीक्षालय के पास सो रहे लंगड़े बाबा से भी बीड़ी एवं पैसे की मांग का विवाद होने पर पत्थर पटक कर हत्या करना स्वीकार किया है।

**बेचना है**

आवासीय भूखंड क्षेत्रफल 56.5 x वर्गफुट डायवर्टेड झिंझरी पुलिस लाइन के पास विक्रय करना है। वास्तविक खरीददार संपर्क करें

मो. 9329818900

## एनकेजे में युवक कांग्रेस नेता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



कटनी। एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवक कांग्रेस मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव की कल रात उसके ही दोस्तों ने मामूली बातचीत को लेकर हत्या कर दी। शुभम ने मारपीट में घायल होने के बाद जबलपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ा। घटना के संबंध में एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे से के अनुसार युवक कांग्रेस मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष बाबू जगजीवन राम वार्ड एनकेजे निवासी 27 वर्षीय शुभम श्रीवास्तव कल गुरूवार की रात अपने दोस्तों के साथ कहीं जा रहा था। इसी दौरान नयागांव के पास किसी बात को लेकर दोस्तों से उसका विवाद हो गया। विवाद के चलते दोस्तों ने शुभम के साथ मारपीट की। मारपीट में वह बुरी तरह घायल हो गया। जिस पर उसे जिला चिकित्सालय उपचार के लिए लाया गया, जहां से उसे जबलपुर रिफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शुभम की मौत के बाद उसकी लाश आज सुबह कटनी लाई गई। जिला चिकित्सालय से पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया। एनकेजे थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सुदेश सुमन को मिला कैमोर थाना

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील जैन ने अब पुलिस लाईन में ड्यूटी कर रहे कार्यवाहक निरीक्षक सुदेश कुमार सुमन को कैमोर थाने की कमान सौंपी है। सुदेश सुमन अब कैमोर के नए थाना प्रभारी होंगे। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को कैमोर में पदस्थ थाना प्रभारी अरविंद जैन का तबादला बरही कर दिया गया था। निरीक्षक अरविंद जैन उप निरीक्षक श्री रावत को प्रभार सौंपकर बरही चले गए थे। कैमोर में निरीक्षक की कुर्सी खाली हो गई थी। नये आदेश के बाद अब सुदेश सुमन ने कैमोर पहुंच कर थाने का प्रभार ग्रहण कर लिया है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)